
**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

**Capacity Building of Students**

Government College Karsog organized a comprehensive series of capacity-building programmes to support the holistic development of its students. These programmes covered a variety of important areas such as life skills training, yoga, martial arts, problem-solving, critical thinking, decision-making, and effective communication. Additionally, workshops on stress management and emotional well-being were conducted to help learners handle academic and personal pressures. Language enhancement and communication activities under the Graduate Attribute Development Programme further strengthened students' competencies. Through these well-planned initiatives, the college aimed to nurture confident, skilled, and well-balanced individuals capable of meeting future academic, social, and professional challenges."

Life Skill (Yoga, Martial Arts, problem Solving, critical thinking, Decision Making, Effective communication skills, stress management)






**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

Divya Himachal

# छात्र-छात्राओं को सिखाए मार्शल आर्ट के गुरु




करसोग। बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन का समापन भी विधिवत रूप में हुआ। प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्रभात फेरी से वापिस आने के बाद योग सत्र का आयोजन किया गया। बुधवार के राष्ट्रीय स्वयंसेवी शिविर आयोजन दौरान छात्र-छात्राओं में सुरक्षा की भावना बनी रहे उसके लिए मार्शल आर्ट विषय की विस्तार पूर्वक जानकारी देने के लिए रिसोर्स पर्सन के कार्यक्रम में डॉण्रुचि नारंग ने शिरकत की, जिन्होंने स्वयंसेवियों को मार्शल आर्ट से संबंधित स्वयं की सुरक्षा करने के लिए अनेकों जानकारियां प्रदान की और उन्हें अभ्यास भी कराया ताकि कभी भी आत्मरक्षा की जरूरत पड़े तो वह मार्शल आर्ट के माध्यम से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर सोनिया चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को बुधवार मार्शल आर्ट विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी मिली है जिसके लिए प्रोफेसर रुचि नारंग का आभार प्रकट किया गया उन्होंने स्वयंसेवियों को अभ्यास भी करवाया तथा आत्मविश्वास मजबूत बना रहे उसको लेकर भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।



**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**






## Government College, Karsog
## District Mandi (HP)-175011
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**







Divya Himachal

दौरा करसोग कालेज के बीएससी लाइफ साइंस के छात्रों ने स्टडी टूर का किया आयोजन

# छात्रों ने ट्राउट फिशरीज फार्म का किया दौरा

**कार्यालय संवाददाता-करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग में बीएससी लाइफ साइंस के विद्यार्थियों के लिए ज्यूलॉजी और बॉटनी विभाग के संयुक्त तत्वाधान से स्टडी टूर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को जीबी पंत एनवायरमेंट इंस्टीट्यूट मोहल कुल्लू और हिमाचल प्रदेश सरकार मत्सय विभाग के ट्राउट फिशरीज फार्म पतलीकुल कुल्लू विजिट करवाई गई। इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान के विद्यार्थियों में रिसर्च के प्रति उत्साह जागृत करना था। जीबीपंत हिमालयन एनवायरमेंट इंस्टीट्यूट मोहल कुल्लू में विद्यार्थियों ने हर्बल गार्डन में विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां के बारे में जानकारी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने अरबोरेटम में जाकर विभिन्न प्रकार के एंजियोस्पर्म पौधों का अवलोकन किया। जो ग्लोबल वार्मिंग की वजह से लुप्त होते जा रहे हैं। इस विद्यार्थियों ने वहां पर इसरो के द्वारा स्थापित की गई रिसर्च लैबोरेट्री तथा अन्य संसाधनों का भी अवलोकन किया।बॉटनी प्रो. लोमेश शर्मा ने बताया कि जीबीपंत इंस्टिट्यूट से पहले संपर्क साधा गया था। उसके बाद उनकी तरफसे परमिशन मिलने के बाद स्टडी टूर का आयोजन किया गया। इस स्टडी टूर के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान में हो रही रिसर्च के विषय में भी विस्तार से जाना। प्रो. पंकज गुप्ता ने बताया कि इस विजिट के माध्यम से विद्यार्थियों ने ट्राउट मछली पालन से जुड़ी बारीकियों को जाना। विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा निर्मित अटल टनल का भी दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने लाहौल स्पीति के हेडक्वार्टर केलांग में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस स्टडीज टूर के सफल आयोजन के लिए जूलॉजी विभाग के प्रो. पंकज गुप्ता और बॉटनी विभाग के प्रो. लोमेश शर्मा ने करसोग कालेज के प्राचार्य डाक्टर जेएस पटियाल का धन्यवाद किया।

करसोग : अटल टनल के दौरे के दौरान मौजूद छात्र व अध्यापकगण

**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

Divya Himachal

# करसोग कालेज में बैंकिंग करियर पर कार्यशाला आयोजित

**कार्यालय संवाददाता–करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से शुक्रवार को सत्र का आयोजन किया। जिसमें आरबीआई, भारतीय रिजर्व बैंक में करियर संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिशांत ठाकुर और आयुष राजपूत ने भाग लिया। उन्होंने आरबीआई के कार्यक्षेत्र और युवा पीढ़ी के लिए उपलब्ध भविष्य की संभावनाओं पर गहराई से चर्चा की। इस सत्र ने छात्रों को आरबीआई में करियर बनाने के



लिए प्रेरित किया और उनके सवालों के समाधान के लिए एक मंच प्रदान किया। कालेज के प्राचार्य जगजीत सिंह पटियाल ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया और मुख्य वक्ताओं का कार्यक्रम में भाग लेने और विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए आभार जताया। उन्होंने इस तरह के

- कार्यक्रम में 250 छात्रों ने लिया भाग

आयोजनों की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को उनके करियर के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डा. प्रेम वर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों और उपस्थित छात्रों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में प्रो. गुलशन महाजन, प्रो. वीरेंद्र ठाकुर, प्रो. हितेश शर्मा और प्रो. गौरव ठाकुर भी उपस्थित रहे। इस सत्र में ढाई सौ बच्चों ने भाग लिया।




**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
Telephone/ Fax no. 01907-222116
E-mail: gckarsog-hp@.nic.in
Website: www.gckarsog.edu.in







**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**



**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**



**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**






Government College, Karsog
District Mandi (HP)-175011
Telephone/ Fax no. 01907-222116
E-mail: gckarsog-hp@.nic.in
Website: www.gckarsog.edu.in






**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

# तीर्थराज और खेमलता ने लगाई सबसे तेज दौड़

**संवाद सहयोगी, जागरण • करसोग :** राजकीय महाविद्यालय करसोग की शारीरिक शिक्षा विभाग की आचार्या डा. यमुना शर्मा ने शुक्रवार को वार्षिक एथलेटिक मीट 2024-25 का आयोजन किया।

प्राचार्य जेएस पटियाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने छात्रों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। एथलेटिक मीट में विभिन्न तरह की नौ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 250 छात्रों ने हिस्सा लिया। एथलेटिक मीट का बेस्ट एथलीट छात्र देवेंद्र व बेस्ट एथलीट छात्रा साक्षी बनी।



करसोग महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट के विजेता स्टाफ के साथ • जागरण

छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ में साक्षी प्रथम, भूमिका द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में देवेंद्र कुमार प्रथम व राजेंद्र कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में साक्षी प्रथम व प्रेरणा द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में तीर्थराज प्रथम व जितिन द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में छात्र वर्ग में धर्मेंद्र प्रथम व पुनीत द्वितीय स्थान पर रहे।

800 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में खेमलता प्रथम, सोनिया द्वितीय व ललिता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग में देवेंद्र प्रथम, धर्मेंद्र द्वितीय, कुलदीप तृतीय स्थान पर रहे।

लंबी कूद के छात्रा वर्ग में मानसी प्रथम, साक्षी द्वितीय, भूमिका तृतीय स्थान पर रहे व छात्र वर्ग में कौशल प्रथम, देवेंद्र द्वितीय, कनव तृतीय। ऊंची कूद के छात्रा वर्ग में पूजा प्रथम, ललिता द्वितीय, छात्र वर्ग में डिंपल प्रथम, हेमचंद द्वितीय स्थान पर रहे। जैवलिन थ्रो के छात्रा वर्ग में सीमा प्रथम और भूमिका द्वितीय व छात्र वर्ग में नवीन कुमार प्रथम, बलवंत राठौर द्वितीय स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में छात्रा वर्ग में अंकिता प्रथम, पूजा द्वितीय, छात्र वर्ग में लक्ष्य वर्मा प्रथम व अंशुल द्वितीय। शाटपुट छात्रा वर्ग में अंकिता प्रथम, सानिया द्वितीय। छात्र वर्ग में एकांश गुप्ता प्रथम, अंशुल गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे।

मुख्यअतिथि प्राचार्य व डा. यमुना शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। डा. यमुना शर्मा ने मुख्यअतिथि, शिक्षक गैर शिक्षक वर्ग, सभी छात्रों का इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

**प्रतियोगिता**

- करसोग महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन
- देवेंद्र और साक्षी चुनी गई सर्वश्रेष्ठ एथलीट
- मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ उन्नयन का आयोजन किया गया

चम्बा एक्सप्रेस। करसोग मण्डी

राजकीय महाविद्यालय करसोग में 17 मार्च, 2025 को महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ उन्नयन का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ जगजीत सिंह पटियाल ने शिरकत की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को सामने लाना रहता है। यह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया गया। केंद्रीय छात्र संघ पूरे सत्र में महाविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर विद्यार्थियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रयासरत रहता है। केंद्रीय छात्र संघ अध्यक्ष तारा देवी ने अतिथि स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्नयन मात्र शब्द नहीं बल्कि छात्रों को विकास की ओर निरन्तर बढ़ने की प्रेरणा देती उड़ान है। इसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गज़ल गायन, शास्त्रीय संगीत एकल गायन, शास्त्रीय संगीत वादन सितार, लोक गीत एकल, मूक अभिनय, नाट्य अभिनय, मोनो एक्टिंग, एकल नृत्य, समूह नृत्य मुख्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिता में



विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ जगजीत सिंह पटियाल ने केंद्रीय छात्र संघ के वार्षिक समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी एवं विद्यार्थियों को संदेश दिया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहें। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। केन्द्रीय छात्रसंघ सचिव ने आभार वक्तव्य प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ उन्नयन समारोह का सफल समापन हुआ।

Government College, Karsog
District Mandi (HP)-175011
Telephone/ Fax no. 01907-222116
E-mail: gckarsog-hp@.nic.in
Website: www.gckarsog.edu.in



**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**






**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

Divya Himachal

## छात्रों ने किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



**करसोग।** राजकीय महाविद्यालय करसोग में सोमवार को महाविद्यालय केंद्रीय छात्र संघ उन्नयन का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डा. जगजीत सिंह पटियाल ने शिरकत की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को सामने लाना रहता है। यह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाया गया। केंद्रीय छात्र संघ पूरे सत्र में महाविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर विद्यार्थियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्नयन मात्र शब्द नहीं बल्कि छात्रों को विकास की ओर निरंतर बढ़ने की प्रेरणा देती उड़ान है। इसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। गजल गायन, शास्त्रीय संगीत एकल गायन, शास्त्रीय संगीत वादन सितार, लोक गीत एकल, मूक अभिनय, नाट्य अभिनय, मोनो एक्टिंग, एकल नृत्य, समूह नृत्य मुख्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन भी किया। विजेता प्रतिभागियों को मुख्यातिथि प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। केंद्रीय छात्रसंघ सचिव ने आभार वक्तव्य प्रस्तुत किया।

**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

**Workshop Broucher**

GOVERNMENT COLLEGE KARSOG
CYBER AWARENESS CELL
IN
COLLABORATION WITH
DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE AND COMMERCE
ORGANIZING A WORKSHOP
ON
"CYBER CRIMES AND CYBER LAWS"
OPEN FOR ALL STUDENTS

DATE-- 8TH OCTOBER 2024
TIME-- 11:30 AM
VENUE-- COLLEGE HALL


PRINCIPAL GOVERNMENT COLLEGE KARSOG

**News Cutting**

Divya Himachal

## नैंसी-हर्षिता ने की साइबर टॉकिंग

करसोग कालेज में कंप्यूटर साइंस, वाणिज्य विभाग में एक दिवसीय कार्यशाला



[illegible]

Principal
Govt. College Karsog
Distt. Mandi (H.P)

Shimla Kesari
Nov 27, 2024

**पंजाब केसरी**

## स्टडी टूर किया आयोजित

करसोग, 26 नवम्बर( दिनेश ): राजकीय महाविद्यालय करसोग में बी.एससी.लाइफ साइंस के विद्यार्थियों के लिए जूलॉजी और बॉटनी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्टडी टूर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जी.बी. पंत एन्वायरनमैंट इंस्टीच्यूट मोहल कुल्लू और हिमाचल प्रदेश सरकार मात्स्यिकी विभाग के ट्राऊट फिशरीज फॉर्म पतलीकूहल कुल्लू की विजिट करवाई गई। इसका मुख्यउद्देश्य विज्ञान के विद्यार्थियों में रिसर्च के प्रति उत्साह जागृत करना था। जी.बी. पंत हिमालयन एन्वायरनमैंट इंस्टीच्यूट मोहल कुल्लू में विद्यार्थियों ने हर्बल गार्डन में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी हासिल की। प्रोफैसर पंकज गुप्ता ने बताया कि इस विजिट के माध्यम से विद्यार्थियों ने ट्राऊट मछली पालन से जुड़ी बारीकियों को जाना और इसे किस प्रकार से व्यवसाय के रूप में चुना जा सकता है।



करसोग : महाविद्यालय करसोग बी.एससी. लाइफ साइंस के विद्यार्थी जी.बी. पंत एन्वायरनमैंट इंस्टीच्यूट मोहल कुल्लू में। (दिनेश)

**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**




# साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय सीखे

## करसोग कालेज में रोवर रेंजर इकाई ने धूमधाम से मनाया स्काउट फाउंडेशन दिवस

**कार्यालय संवाददाता- करसोग**

राजकीय महाविद्यालय करसोग की रोवर रेंजर इकाई द्वारा स्काउट फाउंडेशन दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य जगजीत सिंह पटियाल ने रहे। रोवर लीडर प्रोफेसर पंकज गुप्ता तथा अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन रोवर मुनीश, रोवर अंशुल और रेंजर प्रिया ने किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक दिन की सर्फ स्मार्ट वर्कशॉप रखी गई थी जिसमें विद्यार्थियों ने इंटरनेट का सदुपयोग और साइबर फ्रॉड से बचने के गुर और ज्ञान को समझा और सफ्लतापूर्वक इस वर्कशॉप को पूर्ण किया। इकाई के विद्यार्थियों ने तीन प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया जिनमें डिजिटल पोस्टरए नारा लेखन प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता प्रमुख रहे। वर्कशॉप के बाद मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम वर्ष के प्रवेश छात्रों को स्कार्फए वोगल और सर्फस्मार्ट बेज भी दिया गया। अन्य विद्यार्थियों को सर्फ स्मार्ट बेज देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिताओं में पुरस्कार अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। डिजिटल पोस्टर में मृदुल शर्मा ने प्रथम तथा बालकृष्ण द्वितीय स्थान पर रहे जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता में लीलाधर प्रथम और दीपिका शर्मा द्वितीय रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कशिश पहले और प्रियांशु शर्मा ने द्वितीय पर रही। रोवर मृदुल को सम्मानित किया गया। ग्रुप लीडर प्राचार्य और मुख्य अतिथि ने विशेष रूप से पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने 21 पौधों का पौधारोपण नाग कजौनी मंदिर के जंगल में किया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर के आसपास सफाई की और वहां से प्लास्टिक और अन्य वेस्ट को एकत्रित किया। इस प्लास्टिक वेस्ट को विद्यार्थियों ने आने वाले समय में वर्कशॉप में इस्तेमाल करने के लिए भी प्रण लिया।



**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**






**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**






**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**

# Report on the Seven-Day Workshop on Vedic Mathematics

**Organized by**: Mathematics Department, Government College, Karsog
**Dates**: 2nd – 7th December 2024
**Resource Person**: Mr. Dharmender Sharma
**Participants**: Physical Sciences Students

## *Introduction*

The Mathematics Department of Government College Karsog organized a seven-day workshop from 2nd to 7th December 2024. The workshop, led by Mr. Dharmender Sharma, aimed to introduce the **16 Sutras of Vedic Mathematics** and their applications in simplifying mathematical calculations. The event commenced with a welcome speech and opening remarks by Mrs. Ruchi Narang, Head of the Mathematics Department.

## *Workshop Highlights*

**Day 1: 2nd December 2024**

- Mr. Sharma introduced the history and significance of Vedic Mathematics.
- **"Ekadhikena Purvena" (By one more than the previous one)**: Explained for calculating squares of numbers ending in 5.
- **"Nikhilam Navatashcaramam Dashatah" (All from 9 and the last from 10)**: Demonstrated for quick subtraction and multiplication of numbers near powers of 10.

**Day 2: 3rd December 2024**

- **"Urdhva-Tiryakbhyam" (Vertically and Crosswise)**: Taught for rapid multiplication techniques.
- **"Paravartya Yojayet" (Transpose and Apply)**: Discussed for solving simultaneous linear equations easily.

**Day 3: 4th December 2024**

- **"Shunyam Saamyasamuccaye" (When the sum is the same, it is zero)**: Applied to simplify algebraic expressions.
- **"Anurupye Shunyamanyat" (If one is in ratio, the other is zero)**: Introduced for solving ratio-based equations.

**Day 4: 5th December 2024**

- **"Sankalana-Vyavakalanabhyam" (By addition and by subtraction)**: Explained for solving complex equations.

- **"Puranapuranabyham" (By the completion or non-completion)**: Demonstrated to simplify fractional calculations.

**Day 5: 6th December 2024**

- **"Chalana-Kalanabyham" (Differences and Similarities)**: Discussed to solve calculus-related problems.
- **"Yaavadunam" (Whatever the extent of its deficiency)**: Demonstrated for squaring numbers below base values like 10 or 100.

**Day 6: 7th December 2024 (Morning)**

- **"Vyashtisamanstih" (Part and Whole)**: Explained for quick addition and subtraction of large numbers.
- **"Shesanyankena Charamena" (The remainders by the last digit)**: Taught for simplifying division problems.

**Day 7: 7th December 2024 (Afternoon)**

- Remaining sutras such as **"Sopaantyadvayamantyam" (The ultimate and twice the penultimate)** and **"Ekanyunena Purvena" (By one less than the previous one)** were discussed briefly.
- An interactive session was held to address students' queries and applications of sutras in competitive exams.
- The workshop concluded with a feedback session by Mrs. Ruchi Narang, who commended the efforts of the resource person and participants.

### *Conclusion*

The seven-day workshop successfully introduced participants to the practical applications of Vedic Mathematics. The resource person, Mr. Dharmender Sharma, provided engaging and insightful explanations, making mathematical concepts accessible and exciting. The Mathematics Department's initiative was highly appreciated by all.

**Government College, Karsog**
**District Mandi (HP)-175011**
**Telephone/ Fax no. 01907-222116**
**E-mail: gckarsog-hp@.nic.in**
**Website: www.gckarsog.edu.in**







